जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2024/1923 दिनांक : 29.11.2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,
ग्वालियर

विषयः- परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित तिथियों में भरवाने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथियॉं घोषित की जाती है किन्तु छात्रों को सूचना के अभाव में तिथियों की जानकारी प्राप्त नहीं होती है, जिस कारण कई छात्र परीक्षा आवेदन पत्र भरने से वंचित रह जाते हैं। इस हेतु आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने की जो भी तिथियॉं जारी की जाती हैं उनकी जानकारी आवश्यक रूप से आप अपने महाविद्यालय के सूचना पटल, वाट्सअप ग्रुप, टेक्स्ट मेसेज एवं महाविद्यालय की वेबसाइट (यदि उपलब्ध है) पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी छात्र जानकारी के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र भरने से वंचित रह जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जबावदारी उस महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी। यह भी सुनिश्चित करें कि विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम तिथि निकल जाने के पश्चात् किसी भी स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा समय-सारिणी में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जावेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. कुलगुरू महोदय के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक